**भारत सरकार** **लोक सभा**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 2821**
**वाणिज्य विभाग**

**दिनांक 18 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**निर्यात संवर्धन के लिए एसईजेड का कार्यान्वयन**

**2821. श्री विष्णु दत्त शर्माः**

क्या **वाणिज्य एवं उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में, विशेषकर मध्य प्रदेश में निर्यात और निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) कार्यान्वित कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने खजुराहो लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के कटनी, पन्ना जिलों और खजुराहो शहर में विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) की स्थापना की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किए गए सरकारी उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके कारणों का ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस इस मुद्दे के समाधान के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क): मध्य प्रदेश सहित एसईजेड अधिनियम, 2005 और एसईजेड नियम, 2006 के तहत स्थापित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) मुख्य रूप से निजी निवेश द्वारा संचालित पहल हैं जिन्हें केंद्र सरकार, राज्य सरकारों या किसी भी व्यक्ति द्वारा संयुक्त रूप से या अलग-अलग स्थापित किया जा सकता है। एसईजेडों की स्थापना संबंधी प्रस्तावों को संबंधित राज्य सरकार की सिफारिशों पर अनुमोदन बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

(ख): मध्य प्रदेश राज्य में कुल 08 एसईजेड अधिसूचित किए गए हैं और इनका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) और (घ): एसईजेड सुधार एक सतत प्रक्रिया है और समय-समय पर एसईजेडों की नीति और प्रचालनात्मक फ्रेमवर्क पर विभिन्न हितधारकों से प्राप्त इनपुट्स/सुझावों के आधार पर, सरकार एसईजेडों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवधिक रूप से आवश्यक उपाय करती है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 18 मार्च, 2025 को उत्तर हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2821 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| क्र.सं. | विकासकर्ता का नाम | स्थान | एसईजेड का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | म. प्र. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (इंदौर एसईजेड) | ग्राम-अकोलिया, बरदारी, काली-बिल्लोद, जमोदी और केहड़ा, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश | बहु उत्पाद |
| 2 | म. प्र. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड | इंदौर, मध्य प्रदेश | सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)/आईटी-सक्षम सेवाएं (आईटी/आईटीईएस) |
| 3 | इम्पेटस इन्फोटेक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड | ग्राम बडियाकिमा, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश | आईटी/आईटीईएस |
| 4 | इन्फोसिस लिमिटेड. | ग्राम तिगरिया बादशाह, इंदौर, मध्य प्रदेश | आईटी |
| 5 | टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड | गांव बड़ा बांगड़दा और तिगरिया बादशाह, मध्य प्रदेश | आईटी/आईटीईएस/बीपीओ/केपीओ |
| 6 | यश टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | प्लॉट नंबर 1, स्कीम नंबर 166, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश | आईटी/आईटीईएस |
| 7 | मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड | गंगा मालनपुर गांव, तहसील और जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश। | आईटी/आईटीईएस |
| 8 | क्लियर ट्रेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | प्लॉट नंबर 02 ए, स्कीम नंबर 166 आईडीए, सुपर कॉरिडोर के पास, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश | आईटी/आईटीईएस |

******